-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.03.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **उ0प्र0 सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर राज्य में आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा मेडिकल कॉलेज में आयोजित प्रदर्शनी सहित सभी थानों में स्टॉल लगाकर लोगों को पुलिस द्वारा दी जा रही सेवाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में दी गई जानकारी।**

विवरण- उ0प्र0 सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर राज्य में आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को पुलिस द्वारा दी जा रही सेवाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मेडिकल कॉलेज बांदा में आयोजित 25, 26, 27 मार्च तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी में साइबर थाना, मिशन शक्ति व एंटीरोमियों टीम, डायल यूपी-112, यातायात पुलिस बांदा, फायर सर्विस बांदा द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को शार्ट वीडियो तथा डिजिटल प्रेजेन्टेशन के माध्यम से साइबर अपराधों की रोकथाम, महिलाओं एवं बालिकाओं को पुलिस द्वारा उनकी सुरक्षा सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई साथ विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- 1098, 1076, 181, 1090, 102, 108, 1930 आदि सहित आपातकालीन सेवा के लिए डायल यूपी-112 के बारे में जानकारी दी गई। यातायात पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों में शार्ट वीडियो तथा डिजिटल प्रेजेन्टेशन के माध्यम से साइबर अपराधों की रोकथाम, महिलाओं एवं बालिकाओं को पुलिस द्वारा उनकी सुरक्षा सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों आदि के साथ पुलिस द्वारा दी जा रही सेवाओं आदि के बारें में लोगों को जानकारी दी गई।